तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025



11 ताड़ी, छिंदरस, सल्फी, हंडिया पेज रहा आकर्षण का केन्द्र



12 निर्मल को पीडब्ल्यूडी और सुरेश को पेयजल






## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आज

**दंतेवाड़ा।** जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 19 मार्च को किया जा रहा है। कंप्यूटर ऑपरेटर के 5 पद के लिए इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 11 से 3 बजे तक समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकेंगे।

### एग्रीस्टैक परियोजना में किसान कराएं पंजीयन

**दंतेवाड़ा।** एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, दंतेवाड़ा के किसानों का एप, पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर सचालकों एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाना है। अधिकारियों को किसान रजिस्ट्री शिविरों के आयोजन एवं जिले के सभी किसानों का एग्रीस्टैक पर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज ने खेली होली

**जगदलपुर।** बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपुत समाज ने रविवार को सामाजिक भवन में होली खेली। होली मिलन में जिला अध्यक्ष हितेन्द्र सिंह ठाकुर समेत जगत सिंह ठाकुर, एमडी राठौर, नरेन्द्र प्रताप सिंह, पिताम्बर सिंह, देवेन्द्र राठौर, जितेन्द्र सिंह, राजीव सिंह, भरत सिंह,त्रिनाथ सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मंजु ठाकुर, किरण ठाकुर, हेमलता ठाकुर, जिज्ञासा ठाकुर एवं पार्षद खगेन्द्र सिंह ठाकुर सपरिवार मौजूद रहे। संचालन जिला सचिव कृष्णा सिंह ठाकुर ने किया।

### सुकमा के ग्रामीण ने राजधानी का किया भ्रमण, विधानसभा की कार्यवाही देखकर हुए उत्साहित

# नक्सल प्रभावित गांवों के 119 युवाओं ने जिंदगी में पहली बार देखा रेलवे स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के दूरस्थ गांवों से आए युवाओं के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत नियद नेल्लानार योजना में शामिल सिलगेर, पूवर्ती, एलमागुंडा, लखापाल, शालातोंग, साकलेर, छोटेकेडवाल, बगडेगुड़ा और बेदरे जैसे गांवों के 119 युवा आजादी के 75 साल बाद पहली बार अपने गांव से बाहर निकले और राजधानी रायपुर पहुंचे।इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान युवाओं ने रेलवे स्टेशन, छत्तीसगढ़ विधानसभा और वनवासी कल्याण आश्रम का दौरा किया। राजधानी आगमन के दौरान युवाओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए।

इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा कि युवा चाहें तो अपने गांव में अमन-चैन और विकास की रोशनी फैला सकते हैं। उपमुख्यमंत्री ने युवाओं से उनके गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके गांवों में पक्की सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, राशन, चिकित्सा और आवास जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की और कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्ध राज्य बनाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने नियद नेल्लानार योजना के तहत गांवों के आर्थिक विकास के लिए विशेष रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन गांवों के निकट नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिससे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे।

**खास बातें**

- उपमुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा-सरकार आपके गांवों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध
- स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे युवा



### गांवों के विकास में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की

उल्लेखनीय है कि आजादी के 75 साल बाद पहली बार अपने गांव से बाहर निकल कर राजधानी पहुंचे अनेक ग्रामीणों ने प्रदेश की प्रगति को नजदीक से देखा और भविष्य में अपने गांवों के विकास में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में दूरस्थ क्षेत्रों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचे और वहां के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ें।

राज्य सरकार प्रदेश के माओवाद प्रभावित इलाकों में तेजी से बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब इन दूरस्थ गांवों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना और नियद नेल्ला नार योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण युवाओं को प्रदेश की विकास प्रक्रिया से जोड़ने में मदद मिल रही है।

यह पहल न केवल इन गांवों के युवाओं के लिए एक नई आशा की किरण लेकर आई है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की भी झलक देती है।





# क्षेत्र के विकास के लिए काम करने की ली शपथ

**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पदमा कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप एवं जनपद सदस्य पदमनी कश्यप, दशमी कश्यप, तनूजा ठाकुर, कमल सिंह, मनीष कश्यप, हिडमों राम मंडावी, इच्छावती कश्यप, मालती बैज, जानकी नाग, लक्ष्मण करटाम, विद्याधर नाग ने विधिवत रूप से शपथ लेकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की आशाओं को पूर्ण करने के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही।इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मांडवी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, बालसिंह ठाकुर युवा मोर्चा अध्यक्ष सावेंद्र सेठिया, मुंशी पेगढ, नरेश खापर्डे, शिवनंदन पेगढ, लखन ठाकुर, चंद्रशेखर ठाकुर, गोविंद कश्यप, गन्नू ठाकुर सहित जनपद के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत टैक्स वसूली में फिसड्डी

**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर टैक्स वसूली में वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने में भी कर वसूली नहीं कर पा रही है। लिहाजा नगर पंचायत के कर्मचारियों को टैक्स वसूली के लिए सभी वार्डों में ड्यूटी लगाई गई है। घर-घर दस्तक देने के बावजूद भी आम नागरिक टैक्स नहीं जमा कर रहे हैं। अभी लगभग 55 प्रतिशत वसूली हुई है। नगर पंचायत क्षेत्र में संपत्ति कर,समेकित कर, जलकर, दुकानों का किराया, ▶▶| शेष पेज 10 पर


- कर्मचारी वार्ड-वार्ड, घर-घर जाकर कर रहे वसूली



**होगी कुर्की की कारवाई**

समय पर करो का भुगतान लोगों को करना चाहिए। भुगतान नहीं किए जाने पर नोटिस देकर नियम अनुसार कुर्की की कार्रवाई कर टैक्स वसूली किया जाएगा।

-तरुण पाल लहरे
सीएमओ नगर पंचायत बस्तर




**खबर संक्षेप**

### हाईवा ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी मेन रोड में 19 फरवरी को शाम करीबन सवा 4 बजें आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 एलजे 2744 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीए 3369 में सवार वेंकटेश्वर राव को टक्कर मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बाइक से गिरी महिला, हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत मेन रोड पिण्डकसा के पास 16 मार्च को पौने 6 बजें मृतिका दुर्गूकोंदल निवासी 32 वर्षीय उषा बती मोटर सायकल से गिर गई। सिर में चोट लगने के कारण ईलाज के लिए सीएचसी बांदे लेकर गए। ईलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नशे में महिला ने खा लिया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत सीएचसी बासनवाही में ईलाज के दौरापन साईमुण्डा निवासी 32 वर्षीय पार्वती नेताम की मौत हो गई। साईमुण्डा निवासी 33 वर्षीय आदेश्वर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका शराब के नशे में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर वहां उसकी मौत हो गई।

**पेज 9 के शेष**

### नगर पंचायत टैक्स...

यूजर चार्जस सहित अन्य कर बाकी है। आम लोगों का टैक्स देने में रुचि नहीं लेना या उससे बचने की कोशिश में रहना यह बड़ा कारण है। नगर पंचायत बस्तर क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। नगर में पानी बिजली, सड़क, नाली की व्यवस्था किया जा रहा है। सीएमओ सहित कर्मचारियों का वेतन टैक्स वसूली से किया जाता है। सीएमओ ने आम जनता से अपील किया है कि शीघ्र टैक्स जमा करें उन्होंने बताया कि सुविधाओं के विस्तार हेतु राशि की आवश्यकता होती है। आम लोगों के टैक्स से सुविधाओं का विस्तार किया जाता है।

# तुलसी डोंगरी के जंगल में लगी आग, वन अमले ने 20 किमी पैदल जाकर आग को बुझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले अंतर्गत दरभा क्षेत्र के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित तुलसी डोंगरी के जंगल में हाल ही में अचानक आग लगी। जिससे बुछाने के लिए वन विभाग के एसडीओ योगेश रात्रे के नेतृत्व में वन कर्मी पहुंचे। कर्मचारियों के साथ एसडीओ ने आग बुझाई। उन्होंने बताया कि यदि समय पर कर्मी नहीं पहुंचते तो आग से जंगल के पौधे जल जाते, हालांकि जंगलों में लगने वाली आग की घटना को रोकने के लिए तैयारी की गई है।

बताया जा रहा है कि जिस स्थान में आग लगी थी वहां पहुंचने के लिए लगभग 20 किमी पैदल जाना पड़ा। वन रक्षकों के अलावा स्थानीय ग्रामीणों और जंगलों की जानकारी रखने वाले आसपास गांव के ग्रामीणों को आग बुझाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिससे आग की घटना होने पर वह तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे बुझा सकें और आग की घटना होने पर उसे किस तरह से निपटा जा सके। कोई संसाधन उपलब्ध न होने पर भी मौके पर मौजूद संसाधनों से ही आग बुझाने का प्रयास करें। गर्मी के मौसम में हर वर्ष जंगलों में आग की घटनाएं होती है। वन विभाग ने आग की घटनाओं को रोकने के लिए कई कदम उठाए है।

#### आग से बचाने का अभियान शुरू

सीसीएफ आरसी दुग्गा एवं वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वन विभाग ने अभियान शुरू कर दिया है। वन क्षेत्रों में अग्नि से सुरक्षा के लिए सभी बीट में एक-एक अग्नि रक्षक की नियुक्ति की गई है। इसलिए जंगल में आग की सूचना पर एसडीओ एवं रेंजर स्थल पर पहुंचे, जिससे आग बुझा सकें।



#### सुरक्षा समितियां सक्रिय

वन विभाग के एसडीओ योगेश रात्रे ने बताया कि आम जनता को आग से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है, वन अधिकारी, कर्मचारी और वन सुरक्षा समितियां सक्रिय रहती हैं। अग्नि प्रहरी और सुरक्षा श्रमिक, वनों में आग या धुंआं दिखने पर तुरंत पहुंचकर आग को बुझा रहे हैं।

## कांग्रेस की सेंधमारी नहीं आई काम, पर्ची से हुआ फैसला

# भाजपा के मूलचन्द फरसगांव नगर पंचायत के बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

फरसगांव में नपं उपाध्यक्ष पद का फैसला पर्ची से हुआ। दोनों उम्मीद्वारों के नाम की पर्ची बनाई गई, पर्ची की प्रक्रिया में भाजपा के मूलचन्द पाण्डे ने जीत हासिल की। हालांकि चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका भी लगा।

#### भाजपा पार्षद ने चुनाव के पहले कांग्रेस कर लिया ज्वाइन

18 मार्च मंगलवार को उपाध्यक्ष चुनाव से पहले वार्ड क्रमांक 01 के भाजपा पार्षद राजेश सोना ने कांग्रेस में प्रवेश कर लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने स्वागत किया। चुनाव में राजेश सोना को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बना कर उपाध्यक्ष पद के चुनाव की समीकरण को बिगाड़ दिया। उपाध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस की ओर राजेश सोना और भाजपा की ओर से मूलचंद पाण्डे ने दावेदारी की। मतदान में दोनों उम्मीदवार को 8-8 वोट मिले। बराबर होने की स्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा सभी की राय से पर्ची प्रक्रिया से चुनाव करवाया गया। जिसके बाद दोनों उम्मीदवारों के नाम की पर्ची बनाकर निकाली गई। पर्ची में भाजपा के उम्मीदवार मूलचन्द पांडे की किस्मत खुली और उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। जीत के बाद भाजपाइयों ने खुशी मनाये हुए मूलचंद पाण्डे जिंदाबाद के नारे लगाए गए, सभी को जीत की मिठाई खिलाकर बधाई भी दिए।

- **भाजपा पार्षद ने उपाध्यक्ष बनने कांग्रेस में किया प्रवेश, पर मिली हार**
- **पार्टी से गद्दारी करने वाले पर होगी कार्रवाई: पर्यवेक्षक**



#### गद्दार पर होगी कार्रवाईः भाजपा पर्यवेक्षक

फरसगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव हेतु भाजपा के पर्यवेक्षक के रूप में आए गोपाल दीक्षित ने कहा कि सब से रायसुमारी कर मूलचंद पाण्डे को उपाध्यक्ष उम्मीदवार के रूप में उतारा और जीत हासिल की। वही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास उपाध्यक्ष के लिए उम्मीदवार नहीं था। और उन्होंने खरीद फरोख्त की बात कर भाजपा के पार्षद को खरीद कर उसे ही अपना उमीदवार बनाया। कांग्रेस इतनी डींगे हांकती है, उनके पास उनका खुद का उपाध्यक्ष प्रत्याशी नहीं था तो भाजपा के एक पार्षद को सेंधमारी कर ले गए और प्रत्याशी बनाया। पर न्याय होता ऊपर वाला जा है जिसने गद्दारी की उसके साथ कभी न्याय नहीं हो सकता है। सत्य की जीत होती है। आज भाजपा का प्रत्याशी उपाध्यक्ष बनकर आया है। जिससे कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी है। वही जिसमें पार्टी से दगाबाजी की है उसे पार्टी से निष्कासित कर कार्यवाही किया जाएगा। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मूलचंद पाण्डे ने कहा कि भाजपा ने मुझ पर भरोसा कर एक कार्यकर्ता को उपाध्यक्ष बनाया है, जिसके लिए मैं भाजपा के शीर्ष नेताओं कार्यकताओं और नगरवासियों का आभारी हु। यह जीत मेरी नहीं संगठन की है। मैं नगर विकास के लिए सभी पार्षदों के मिलकर तालमेल बनाकर चलूंगा।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, नपं अध्यक्ष प्रशांत पात्र, पर्यवेक्षक गोपाल दीक्षित, विशु सिकदार, चंपा पांडे, दीपेंद्र मशीह, हेमचंद देवांगन, प्रवीण राव, गन्नू जायसवाल, जैन पाल, मुकेश पांडे, मोहित सिंह समेत भाजपा के सभी पार्षद व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### पार्टी सर्वोपरि, हर फैसला मंजूर - शैल

नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के चुनाव से पहले चार दावेदारों के नामों की चर्चा चल रही है। जिसमें कांग्रेस से विजय लांडगे, भाजपा से शैल सेठिया, मूलचंद पाण्डे और राजेश सोना थे। भाजपा संगठन ने चुनाव से पहले सभी की सहमति से मूलचंद पाण्डे को उपाध्यक्ष पद हेतु उम्मीदवार बना। चुनाव के दिन सुबह भाजपा के पार्षद राजेश सोना ने उपाध्यक्ष बनने कांग्रेस में प्रवेश कर लिया। यही नहीं कांग्रेस ने उसे अपना उम्मीदवार भी बनाया लेकिन उनकी हार हुई। चुनाव से पहले उपाध्यक्ष पद की होड़ में शैल सेठिया भी शामिल थी। क्योंकि शैल सेठिया एक बार की पंच और तीन बार की पार्षद रही चुकी है और इस चुनाव में जीत हासिल कर चौथी बार फिर पार्षद बनी हैं। जिसके वजह से वह प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन पार्टी ने मूलचंद को उम्मीदवार बनाया। पार्टी के फैसले का शैल सेठिया ने पालन किया। शैल सेठिया ने कहा कि पार्टी सर्वोपरि है। मैने भी उपाध्यक्ष हेतु पार्टी से टिकट मांगा था। लेकिन मैने पार्टी के फैसला का सम्मान किया।

# जिले में शत-प्रतिशत बनेंगे आयुष्मान कार्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत जिले में 19 मार्च से जिले में आयुष्मान एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड से वंचित हितग्राहियों का शत प्रतिशत पंजीयन करने की अपील की गई है। इस योजना के अंतर्गत अन्त्योदय प्राथमिकता एवं गरीबी रेखा में आने वाले समस्त हितग्राहीयों को राशि 5 लाख रूपय तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जाता है एवं एपील और सामान्य परिवारों को राशि 50 हजार रुपय तक की स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड का शुभारंभ किया है। इस कार्ड के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा का एक नया अवसर मिलेगा, जिसके तहत उन्हें अतिरिक्त राशि 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सहायता प्राप्त होगी जो कि आयुष्मान कार्ड के अतिरिक्त राशि 5 लाख रुपये तक की मुफ्त ईलाज की सुविधा दी जा रही है।

- **हितग्राहियों को मिलेगा 5 लाख रूपय तक का मुफ्त इलाज**

#### राशन कार्ड व आधार कार्ड अनिवार्य

इस योजना का लाभ उठाने के लिए नागरिकों को अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ लाना होगा। इससे वे सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में राशि 5 लाख रुपये के निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभउठा सकेंगे। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जिले के जनता से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक अपना एवं अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड नहीं बनवाया है ऐसे छुटे हुए हितग्राही अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर लेकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लेंगे। छुटे हुए समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने का कार्य जिले के नजदिकी अस्पताल, उचित मूल्य दुकान, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों में किया जा रहा है तथा इसके अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जिले के आरएचओ, सीएचओ, आयुष्मान मित्र, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जाएगा।

# प्रदेश में नयी ऊर्जा के साथ सक्रिय होगी आप : चावला




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य में अब नए सिरे से आम आदमी पार्टी को सशक्त बनाया जायेगा, इसके लिए पहल शुरू हो चुकी है। प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति के रूप में आम आदमी पार्टी को स्थापित करने को लेकर कार्यकताअरं में उत्साह देखा जा रहा है। शीघ्र ही बस्तर में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल होंगे।

उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव जसबीर सिंह चावला ने मंगलवार को आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की राजनीति धार्मिक उन्मेष की ओर अग्रसर हो रहा है। भाजपा कहती है कि हम परिवर्तन लाएंगे, लेकिन वर्तमान परिवेश में कहीं भी परिवर्तन की नीयत नजर नहीं आ रही है, हर ओर अराजकता का माहौल है।

ऐसे माहौल को हम बदलना चाहते हैं, आम आदमी के हितों की रक्षा के लिए पार्टी दृढ़संल्पित है। लोग भी अब भाजपा और कांग्रेस से ऊब चुके हैं, इसे ध्यान में रखते हुए आम आदमी पार्टी प्रदेश में तीसरी राजनीतिक शक्ति के रूप में शीघ्र ही उभरकर सामने आएगी। दिल्ली में मिली हार ने कार्यकताअरं को बिल्कुल भी प्रभावित नहीं किया है, बल्कि नयी ऊर्जा के साथ काम करने का जज्बा लिये कार्यकर्ता उत्साहित हैं। पत्रवार्ता के दौरान आप के समीर खान, ज्योति, तरुणा सहित अन्य शामिल रहे।

- **आम आदमी पार्टी को पुनर्गठित करने पहुंचे प्रदेश महासचिव**

#### इंद्रावती को लेकर सरकार खामोश

श्री चावला ने कहा कि इन्द्रावती नदी बस्तर की प्राणदायिनी है, जो अब सूख चुकी है, वर्तमान में छग, ओडिशा सहित केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है, बावजूद जल संकट को लेकर सरकार मौन है। यह बस्तर की जनता के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। आप शीघ्र ही प्रभावित किसानों से चर्चा कर आंदोलन की रूप रेखा तैयार करेगी।

#### प्रभावित हो रहे कार्य

श्री चावला ने कहा कि इसी माह बिलासपुर में पीएम नरेन्द्र मोदी का प्रवास है, प्रदेश के अफसर मोदी के प्रवास कार्यक्रम का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं, जिससे लोगों का काम नहीं हो पा रहा है और लोग भटक रहे हैं। वहीं 55 एकड़ क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ों की बलि दी जा रही है, मोदी के प्रवास के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है, जो कि आम जनता का पैसा है। इस तरह के फिजूल खर्जी से देश की अर्थव्यवस्था खराब हो रही है, इस पर अंकुश लगना चाहिए।



# बिजली कटौती के विरोध मे किसान और कांग्रेस नेता उतरे सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नरहरपुर में लगातार बिजली कटौती से परेशान किसानों का सब्र टूट गया और रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए तहसीलदार एवं कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि भाजपा के कार्यकाल में बिजली हाफ एवं बिजली गुल रहने की समस्या से जूझ रहे है। नरहरपुर ईलाके के कई गांव के किसान और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि 18 मार्च मंगलवार को नरहरपुर में एकत्र हुए और उसके उपरांत रैली के शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंचे, तहसीलदार को ज्ञापन देने के उपरांत किसानों का काफिले ने विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि नरहरपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी गाँव इस समय बिजली हाफ एवं बिजली गुल रहने की समस्या से जूझ रहे है, जिससे लोगो की समस्या बढ़ गई है।

# 3 नक्सलियों ने किया सरेंडर, दो पर 2-2 लाख का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति व नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर मंगलवार को सुकमा पुलिस के समक्ष 3 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। आत्मसमर्पित नक्सलियों में दो पर 2-2 लाख का इनाम है। समर्पण के पीछे नक्सलियों ने जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय कृत्य, शोषण, अत्याचार को कारण बताया है। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत नियमानुसार सहायता राशि व अन्य सुविधाएं प्रदान किया जायेगा।

- **पुनर्वास नीति व नियद नेल्लानार योजना से हुए प्रभावित**
- **सहायता राशि व अन्य सुविधाएं मिलेंगी**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो लाख के इनामी कंचाल आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष मड़कम एर्रा बाबू, दो लाख का इनामी कंचाल आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष मड़कम हड़मा व मेटागुड़ा आरपीसी सीएनएम उपाध्यक्ष सोडी देवा ने सरेंडर कर दिया। इस दौरान एएसपी नक्सल ऑप्स उमेश प्रसाद गुप्ता, सीआरपीएफ 151 वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अयोध्या सिंह, डीएसपी मनीष रात्रे व एसआई सरजीत आलम मौजूद रहे।



#### इनका रहा विशेष प्रयास

नक्सली सोड़ी देवा को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में डीआईजी ऑफिस सुकमा रेंज फिल्ड टीम व नक्सली मड़कम एर्रा बाबू पिता सुब्बैया तथा मड़कम हड़मा पिता जोगा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 151 वाहिनी सीआरपीएफ सूचना शाखा कार्मिकों का विशेष प्रयास रहा।

## प्रदर्शन कर रहे सचिवों ने मंडी परिसर में जमकर की नारेबाजी

# एकसूत्रीय मांग को लेकर पंचायत सचिव बैठे बेमियादी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर प्रदेशभर के पंचायत सचिवों ने मंगलवार से बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी है। मंडी परिसर में आंदोलन कर रहे सचिवों ने मांग मनवाने पहले दिन जमकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष ललित कुमार पाण्डे व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को विधासभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। बावजूद हाल ही में बजट सत्र में इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने से नाराज प्रदेश भर के पंचायत सचिव 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करने के बाद मंगलवार से सभी ब्लाक मुख्यालयों में अनिश्चितकालिन हड़ताल कर रहे है।



संघ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मोदी गांरटी पूरा नहीं करने के कारण होली के बाद क्रमवार आदोंलन करने की रूपरेखा बनाई गई है। इसी तारतम्य में आंदोलन की शुरूआत करते हुए सोमवार को विधानसभा घेराव किया गया। इसके बाद सभी जनपद मुख्यालय में अनिश्चितकालिन हड़ताल। 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव किया जाएगा। जगदलपुर ब्लाक अध्यक्ष ललीत पाण्डे ने बताया कि वर्ष 2023-24 में हुये चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई थी। इस सबंध में इससे पूर्व 7 जुलाई 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री व विधायकों की मौजूदगी में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुये शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भरोसा देते हुये मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए शासकीयकरण करने का भरोसा दिया गया था। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के सबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया था वहीं पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात प्रदान किया जाएगा। बावजूद बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्द एवं आकोशित है।

#### मांग पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल

धरने पर बैठे अध्यक्ष ललित कुमार पाण्डे के अलावा मौजूद पंचायत सचिव सीताराम यादव, जदूराम नाग, कमलकिशोर, भीमसिंह ठाकुर, जगन्नाथ सेठिया, श्याम बघेल, रघुराज देवागंन, अरूण सेठिया, मोहन सेठिया, तुलसीराम, संजय जोशी, मेघनाथ, बनमाली नाग, रतनसिंह बघेल, तुलाराम नाग, बालेश्वरी ठाकुर, कुलसुम खान, मीनासिंह, राधा नाग, निलीमा पाण्डे, निलन्ती सेठिया, जानिकराम बघेल, मुरलीधर सेठिया, मन्नुलाल साहू व अन्य ने बताया कि एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने के विरोध में अनिश्चितकालिन हड़ताल किया जा रहा है जो मांग पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### माध्यमिक शाला के लिए 64 परीक्षा केंद्र



जगदलपुर। विकासखंड तोकापाल में कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा 18 मार्च से माध्यमिक शाला के लिए 64 परीक्षा केंद्र है। सभी केंद्र में अन्य स्कूलों के संस्था प्रमुख को केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपादित हो सके। इसकी सतत निगरानी विकास खंड स्तरीय उड़नदस्ता दल एवं संकुल स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम एवं खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा द्वारा सतत बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण किया जा रहा है।

### अस्मिता जूडो लीग स्पर्धा 30 को

जगदलपुर। स्पोर्ट्स एण्ड युथ वेल्फेर डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित अस्मिता जिला स्तरीय वोमेस जुडो लीग प्रतियोगिता का आयोजन ऑल बस्तर जिला जूडो संघ के तत्वाधान में 30 मार्च को स्थानीय प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।

### बस्तर पंडुम में सुदूर एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

# ताड़ी, छिंदरस, सल्फी, हंडिया पेज रहा आकर्षण का केन्द्र





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला एवं संस्कृति, परंपरा, लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य व्यंजन पेय पदार्थो के मूल्य रूप संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के चारों जनपदों में हुआ जिसमें भोपालपटनम एवं भैरमगढ़ में ब्लॉक स्तरीय आयोजन का सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। वहीं बीजापुर एवं उसूर ब्लॉक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का समापन 19 मार्च को होगा।

जिले के बैगा, गुनिया, सिरहा, पुजारी एवं जनजातीय समाज के प्रमुखों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनजातीय समाज के मौलिक परंपरा को संरक्षित एवं संवंर्धित करने की परिकल्पना का स्वागत करते हुए कहा कि बस्तर पंडुम में आदिवासी समाज एवं जनजातियों के जीवन पद्धति संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला जिससे जनजातीय समाज शासन के इस सराहनीय पहल से उत्साहित नजर आ रहे हैं- बस्तर पंडुम के व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण नियद नेल्लानार एवं अत्यंत सुदूर क्षेत्रों के जनजातीय समुदाय ने अपने रीति-रिवाज एवं पारंपरिक गतिविधियों का मनमोहक प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता में शामिल होने पंहुचे पामेड़ मुरदंडा जैसे क्षेत्रों के दलों द्वारा भी सहभागिता दी जा रही है।

प्रतियोगिता स्थल पर जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का स्टॉल आकर्षण का केन्द्र रहा जहां सल्फी, ताड़ी, छिंदरस, हंडिया पेज, कोसमा मांड, चापड़ा चटनी जैसे विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं पेय पदार्थो ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं आकर्षण एवं मौलिक वेशभूषा में विभिन्न जनजातीय नृत्य का सुंदर प्रस्तुतिकरण देखने को मिला। चारों ब्लॉक में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों में उत्साहपूर्वक इस आयोजन में शामिल होकर बस्तर पंडुम को और भी खूबसुरत बना दिया।

## बस्तर पण्डुम में आदिवासी संस्कृति और त्योहारों का मजाक न बनाया जाए, सौंपा ज्ञापन



जिले में जारी बस्तर पण्डुम निश्चित ही आदिवासी परंपरा और संस्कृति को सम्मान देता नजर आ रहा है किंतु इसके आयोजन में गैर जानकर निर्णायक बनाए जाने से जनजातीय गौरव और आदिवासी परंपरा संस्कृति का मजाक बनाया जा रहा है।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने कहा कि बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक में 17 मार्च से पण्डूम आयोजित है पर प्रतिभागियों को दिन का भोजन और पेयजल भी नहीं मिला। इसी प्रकार बीजापुर ब्लाक के लिए विभिन्न विधाओं के लिए बनाए गए निर्णायक पुजारी, मुखिया, मांझी एक समुदाय से हैं जिन्हें विभिन्न समुदाय मुरिया, दोरला, हल्बा, परधान, तेलंगा, सुंडी, महारा सहित अन्य समुदाय के विविध नृत्य, गीतों, वाद्य यंत्रों, पेय पदार्थों की बारीकियों का ज्ञान संदेहास्पद है। बस्तर संभाग में पण्डुम यहां निवासरत सभी जाति समुदाय के आपसी समन्वय और भागीदारी से संपन्न होता है। बस्तर पण्डुम के आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए भोजन पेयजल व्यवस्था सहित निर्णायक समिति में मुरिया, दोरला, हल्बा परधान, सुंडी, महारा सहित अन्य समुदाय की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।बस्तर पण्डुम की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और सभी समुदाय की भागीदारी बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार को सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों द्वारा आदिवासी विकास परियोजना प्रशासक के नाम उपायुक्त आनंद जी सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैंकरा, बलराम हपका, राजेश लेकम, बुधराम लेकम, लच्छू उरसा, सोमलु कुरसम, सरिता अवलम, लखमू आरकी, सुरेश कोरसा बलिराम माड़वी सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

## गुलमी वाटरफाल में 2 युवकों की जलसमाधि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छग की सीमा से लगे गुलमी वाटरफाल में पिकनिक मनाने जगदलपुर के दर्जन भर युवा गए हुए थे। इसी दौरान वाटरफाल में नहाने के दौरान दो युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। एक युवक का शव रविवार को मिला जबकि दूसरे युवक का शव सोमवार दोपहर में कड़ी मशक्कत के बाद बरामद किया गया।

जानकारी के मुताबिक ओडिशा सीमा से लगे गुलमी वाटरफाल में शहर के कुम्हारपारा क्षेत्र के रहने वाले 13 युवक युवती गुलमी वाटरफॉल में पिकनिक मनाने शनिवार की दोपहर गए हुए थे। इसी दौरान 2 युवक नदी में डूब गए इनमें एक युवक का शव रविवार को तो वही दूसरे युवक का शव सोमवार को बरामद कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि जगदलपुर में रहने वाले कैटरिंग स्टाफ पिकनिक मनाने के लिए गुलमी वाटरफॉल गया हुआ था। जहां नहाने के दौरान दो लोग पानी में डूब गए। घटना की जानकारी

■ जगदलपुर से पिकनिक मनाने गए थे दर्जन भर युवक व युवती

लगते ही पुलिस के साथ ही परिजन को भी सूचना दी गई। दोनों युवकों को बचाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन उन्हे नहीं बचाया जा सका। पानी की गहराई का अंदाज नहीं होने से युवक रोहन कश्यप पानी में डूबने लगा जिसे बचाने के लिए गौरव गया लेकिन वह भी पानी में डूबने लगा।

दोनों युवकों को निकालने के लिए ओडिशा एसडीआरएफ की टीम लगातार खोजबीन कर रही थी इसी दौरान रविवार को रोहन कश्यप का शव बरामद कर लिया गया वही दूसरे युवक गौरव की तलाश की जा रही थी जिसका शव सोमवार को कड़ी मशक्कत के बाद बरामद किया जा सका।

कोटपाड़ थाना प्रभारी परमानंद ने बताया कि जगदलपुर शहर के कुम्हारपारा निवासी 13 युवक व युवतियां ऑटो से पिकनिक मनाने के लिए गुलमी आये हुए थे। ये सभी लोग कुम्हारपारा के संजना कैटरिंग के स्टाफ बताए जा रहे है। पिकनिक मनाने के बाद सभी लोग नहाने के लिए पानी में उतर गए, जहां गहरे पानी में एक युवक डूब गया जिसे देख दूसरा भी उसे बचाने के लिए पानी में उतर गया। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में दोनों युवक डूब गए। वहीं साथ गए युवक दोनों को बचाने की काफी कोशिश की। लेकिन सफल नहीं हो पाए। साथ गए लोगों ने मामले की जानकारी परिजनों व कोटपाड़ पुलिस को दी। जिसके बाद दूसरे युवक का शव भी ओडिशा पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## ग्रामीणों को मिले जरूरत के सामान





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

पुलिस महानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ सेक्टर के निर्देशानुसार 18 मार्च को मोहित कपूर, कमांडेंट एवं पंकज कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 22वीं वाहिनी, संदीप कुमार, सहायक कमांडेंट की उपस्थिति में बीजापुर के अति संवेदनशील ग्राम मिनकापल्ली, कोमटपल्ली, भट्टीगुड्डा पंचायत मिनकापल्ली एवं उसकालेद के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को स्कूल ड्रेस, बैग़ तथा खेल एवं मनोरंजन का सामान वितरित किया गया। इसके अलावा जरूरतमंद ग्रामीण वासियों को जरूरत का सामान जैसे साड़ी, चप्पल, लूंगी, गमछा, कंबल, घरेलू बर्तन, कुदाल, गैती, पानी की टंकी, टेलीविजन, साइकिल, सोलर लैंप आदि भी वितरित किया गया और साथ में ग्राम वासियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अशोक नारायण मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामीणों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य, सरपंच एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। स्थानीय ग्रामीणों ने डी / 22वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम की प्रशंसा की।

## अब ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों पर लग गया हड़ताल का ग्रहण

### पंचायत सचिवों की हड़ताल का कामकाज पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बकावंड



ग्राम पंचायतों में नए पंच सरपंचों को कामकाज सम्हाले अभी आठ दिन भी नहीं बीते हैं कि गांवों के विकास एवं निर्माण कार्यों पर ग्रहण लगता दिख रहा है। ब्लॉक मुख्यालय बकावंड में सचिवों की हड़ताल शुरू हो गई है। इससे अब पंचायतों के विकास कार्यों पर ग्रहण लगने की आशंका बढ़ गई है।

ज्ञात हो कि हाल में हुए पंचायत चुनाव के बाद सभी पंचायतों में नए सरपंचों सहित पंचों ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद पंचायतों में कई महीनों से अटके निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं के कार्यों पर क्रियान्वयन शुरू होना है पर अब पंचायत सचिवों की अनिश्चिकालीन हड़ताल का इस पर व्यापक असर पड़ेगा और पंचायतों में विकास कार्य सुचारु रूप से तय समय में होने में दिक्कत आएगी। सभी पंचायतों में नये सरपंचों की ताजपोशी होने के बाद पुराने सरपंच सहित पंचायत बॉडी से हिसाब किताब भी पूरा करना बाकी है पर सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से सभी कार्य प्रभावित होंगे। जिसकी वजह से आक्रोशित पंचायत सचिवों ने मंगलवार 18 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी है।

गौरतलब है कि भाजपा सरकार की वादाखिलाफी से पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव नाराज हैं। और अब उनके हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायतों के कामकाज में भी बाधा उत्पन्न होगी। जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव में दी गई गारंटी प्रदेश सरकार के बजट में पंचायत सचिवों के शासकीय करण की मांग को पूरा नहीं किये जाने को लेकर पंचायत सचिव 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

आज हड़ताल पर सुंदर चंद्राकर, गोवर्धन सिंह, हेमंत सेठिया, संतोष सेठिया, ओमकार, गंगाधर, राजेश कुमार नाग, उमेश कुमार सेठिया, रमेश ठाकुर, पदम सिंह मौर्य, हेमलता, प्रभुनाथ, लिंगोराम विश्वकर्मा, जयदेव ठाकुर, जलन बघेल, शुक्र कश्यप समेत ब्लॉक के सभी सचिव बैठे थे।

## लेपटॉप, मोबाइल व नगद के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

किराना दुकान का ताला तोड़कर लेपटॉप, मोबाईल व नगद समेत 50 हजार की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में बोधघाट पुलिस ने आरोपी के कब्जेसे चोरी का सामान बरामद कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया।

मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी अभिषेक सिंह बताया कि 14 मार्च की रात बस स्टैंड के सामने स्थित किराना दुकान में पीछे के दरवाजा तोड़कर कोई अज्ञात चोर दुकान में रखा लैपटॉप के अलावा मोबाइल व नगद रकम चोरी कर लिया था। आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आसपास के संदेहियों से पूछताछ करने पर पता लगा कि उसी मोहल्ले का रहने वाला विक्रम सिंग एक लैपटॉप और मोबाइल को बेचना चाह रहा है। सूचना पर आरोपी दुर्गेश दहिया 21 वर्ष निवासी संतोषी वार्ड खत्री गली को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया। पूछताछ में उसने चोरी की बात कबूली आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया लैपटॉप, मोबाइल तथा 6 सौ रूपए नगद बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक प्रकाश मनहर, नितेश मेश्राम, आरक्षक होरी लाल आर्मो व विजय तुर्की की अहम भूमिका रही।

## पानी की समस्या दूर करने वाटर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे नपं अध्यक्ष



**गीदम।** ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नगर पंचायत गीदम की जनता को पानी की समस्या दूर करने नगर पंचायत गीदम लगातार प्रयास कर रहा हैं। इसी कड़ी में सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, ईई सीएसईबी दंतेवाडा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीदम हुलसी प्रधान, एई सीएसईबी गीदम की संयुक्त टीम के द्वारा छिंदनार वॉटर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कासोली और छिंदनार वॉटर प्लांट में आ रही तकनीकी समस्या को समझा। कासोली वाटर प्लांट में वोल्टेज की समस्या के बारे में कर्मचारियों ने अवगत कराया, जिसे ईई सीएसईबी के द्वारा वोल्टेज की समस्या का समाधान करने हेतु आश्वस्त किया, साथ ही कर्मचारियों को वोल्टेज के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए, जिससे नगर में बिना रुकावट के पानी पहुंचे। साथ ही छिंदनार वॉटर प्लांट के निरीक्षण के दौरान रॉ मोटर पम्प खराब पाए गए, जिसे तत्काल ठीक करने हेतु एसडीओ पीएचई को निर्देशित किया, उन्होंने भी जल्द से जल्द खराब हुए मोटर को बनवाने हेतु आश्वस्त किया। संयुक्त टीम के निरीक्षण से विभिन्न समस्याओं का एक सार्थक समाधान निकला। सभी अधिकारियों ने कहा कि वे सभी अपनी अपनी तरफ से पानी की समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने हेतु प्रयास करेंगे। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि इस संयुक्त टीम के निरीक्षण से जल्द से जल्द नगर को पानी की समस्या से निजात मिलेगा। इस दौरान पार्षद सूरज सिंह ठाकुर एवं राजेश गुप्ता व अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र.257/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधुराम पिता खुरा जाति भतरा ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व.डोमनी नेताम निवासी ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के माता स्व.डोमनी नेताम पति स्व.खुरा ग्राम सतोषा का दिनांक 27/04/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक सुधुराम पिता खुरा जाति भतरा ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व.डोमनी नेताम मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 27/03/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 24/02/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.304/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनसाय कश्यप पिता स्व.बोण्डका जाति भतरा ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व.बोण्डका/भदर निवासी ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर (छ.ग.) मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के पिता स्व.बोण्डका कश्यप S/O स्व.भदर ग्राम सावरा का दिनांक 15/06/2012 को मृत्यु हुई है। आवेदक धनसाय कश्यप पिता स्व.बोण्डका जाति भतरा ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व.बोण्डका मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 24/03/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 10/03/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.305/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयाराम कश्यप पिता स्व.रामदास जाति भतरा ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व.रामदास S/O भदर निवासी ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर (छ.ग.) मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के पिता स्व.रामदास कश्यप S/O स्व.भदर ग्राम सावरा का दिनांक 11/08/2015 को मृत्यु हुई है। आवेदक दयाराम कश्यप पिता स्व.रामदास जाति भतरा ग्राम सावरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व.रामदास मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 24/03/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 10/03/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

-शपथ पत्र-

मैं ईश्वरनाथ खम्बारी पिता स्व. के.एन. खम्बारी निवासी आसना तहसील जगदलपुर जिला बस्तर, छ.ग. पिन 494221 आधार नंबर 3752 4827 4190 निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम पर भारत शासन द्वारा पैन कार्ड जारी किया गया है जिस पर मेरी जन्म तिथि 25.04.1963 है तथा मेरे लाईसेंस पर भी मेरी जन्म तिथि 25.04.1963 दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे नाम पर आधार कार्ड जारी किया गया है जिस पर लिपकीय त्रुटि के कारण मेरी जन्म तिथि 01.01.1963 दर्ज हो गया है जिसे मैं अपने पैन नंबर एवं लाईसेंस पर दर्ज जन्म तिथि को आधार मानकर अपने आधार कार्ड पर सुधार करने बाबत यह शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं।

शपथकर्ता

HEALTH TOWN

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
ISO 9001 CERTIFIED
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony

शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान की कटाई-मिंजाई के लिए
100% Swadeshi
ACE Ultra Track Harvester
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह में स्वच्छता की ली शपथ



जगदलपुर। देवांगन समाज ने महापौर संजय पाण्डे व अन्य जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। स्वागत गीत के माध्यम से समाज की महिलाओं ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद गणेश वंदना में समाज की बालिका ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में निगम के स्पीकर खेमसिंह देवांगन, पार्षद लक्ष्मण झा, प्रदीप देवांगन, हरीश चंद्र देवांगन,राजेंद्र देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, जितेंद्र देवांगन, राम देवांगन, कुबेर देवांगन, दयावती देवांगन, मनोज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता संघ ने मनाया होली मिलन



जगदलपुर। जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष द्वारा महिला रुम में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती अपूर्ण यादव, सरिता सतपति, हेमलता, सुकांती पाटले, दिशा, निशा शुक्ला बड़ी संख्या में सीनियर जूनियर सहित न्यायालीन कर्मचारी मधुरा, संध्या श्रीवास्तव, अनिता बघेल, विधि प्राधिकरण के महिला कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एक दूसरे को फूलों की होली के साथ एक दूसरे को मीठा खिलाया। संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना मोजेस गिरिधरन ने कहा कुछ दिन पूर्व अधिवक्ताओं ने महिला दिवस मनाया घर और न्यायालीन कामों से पूरे टाइम महिलाएं उलझी रहती है, ऐसे कार्यक्रमों से महिला कुछ पल अपने लिए निकाल कर खुश हो जाती हैं।





### सुंदरकांड के दौरान महापौर ने एमआईसी सदस्यों की सूची में हस्ताक्षर कर जारी की

# निर्मल को पीडब्ल्यूडी और सुरेश को पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डेय ने मंगलवार की शाम नगर निगम कार्यालय में पंडितों से पूजा अर्चना के बाद एमआईसी सूची जारी की। सुंदरकांड पाठ के दौरान उन्होंने अपने एमआईसी के 10 सदस्यों वाले टीम की सूची जारी की।

उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर भाजपा के 29 पार्षदों में से 10 को एमआईसी में जगह दी गई है। शहर के विकास में सभी पार्षदों की मदद से कार्य होंगे। संजय पाण्डे ने प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव, मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। सभी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से एमआईसी का गठन किया गया है। प्रभार ग्रहण करने के दौरान जिस तरह से महापौर ने सनातनी परंपरा का निर्वहन किया था उसकी झलक आज भी दिखाई पड़ी। वे पारंपरिक वेशभूषा के साथ अपने बूलेट वाहन में पत्नी को बिठाकर दफ्तर पहुंचे और मौजूद पंडितों ने सुंदरकांड का पाठ किया।

■ महापौर संजय पाण्डेय पत्नी के साथ बूलेट में पहुंचे निगम दफ्तर



एमआईसी में निर्मल पानाग्राही को आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, सुरेश गुप्ता को जल कार्य विभाग, लक्ष्मण झा को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, राणा घोष को बाजार विभाग, कलावती कसेर को शिक्षा विभाग, त्रिवेणी रंधारी को महिला एवं बाल कल्याण विभाग, श्वेता बघेल को खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, योगेन्द्र पाण्डेय को पुनर्वास तथा नियोजन विभाग, संग्राम सिंह राणा को राजस्व विभाग तथा संजय विश्वकर्मा को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

#### टीम में अनुभवी और युवाओं का संतुलन

महापौर संजय पाण्डेय ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने टीम के गठन में मंत्री, विधायक और संगठन के नेताओं से सहमति ली है उन्होंने उनका आभार भी माना है। टीम में अनुभवी और पहली बार पार्षद बने कुछ नए चेहरे भी शामिल हैं। सभी को उनकी योग्यता और क्षमता के अनुसार विभाग दिए गए हैं। वैसे कुछ पुराने और अनुभवी चेहरे को टीम में जगह नहीं मिली है इसके पीछे भी गुटीय राजनीति का ध्यान रखा गया है। बहरहाल महापौर के सामने कई बड़ी चुनौतियां है जिन्हें वे लंबे अनुभव और नेताओं से संबंधों से पूरी कर सकते हैं।

## होली मिलन एवं काव्य गोष्ठी में हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार को लामनी पार्क में छत्तीसगढ़ साहित्य समिति बस्तर इकाई द्वारा होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी में शहर के साहित्यकारों की मौजूदगी में कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी साहित्यकारों ने हास्य-व्यंग्य से ओत-प्रोत रचनाएं पढ़ी, चुटकुले-लतीफों का दौर भी चला। अनूप कुर्रे ने हास्य ब्यंग्य की रचनाएं प्रस्तुत कर वाह-वाही बटोरी। ऋषि शर्मा ने चिर-परिचित अंदाज़ में गजलें तरन्नुम में पेश कर माहौल को खुशनुमा कर दिया। सायरा खान ने छत्तीसगढ़ी में सुंदर काव्य पाठ किया। शिरीष टिकारिहा ने छत्तीसगढ़ में पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। चमेली नेताम ने नौ रसों पर आधारित अभिनित करते हुए शानदार हास्य-व्यंग्य की रचना प्रस्तुत की। भरत कुमार गंगादित्य ने हल्बी होली गीत गाकर तालियां बटोरी। रामेश्वर प्रसाद चंद्रा ने हिंदी और छत्तीसगढ़ी में सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की। नीलम पांडेय ने होली गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति के रूप में कार्यक्रम संचालन कर रहे कृष्णशरण पटेल ने हास्य गीत और हास्य गजल प्रस्तुत किया।

शहीद पार्क व आसपास सफाई के दिए निर्देश

## महापौर ने चलाया विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे शहर की सफाई व्यवस्था को और भी बेहतर बनाने लगातार अभियान चला रहे हैं। सोमवार को शहीद पार्क की अव्यवस्था देख महापौर ने कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए थे। आज सुबह दोबारा संजय पाण्डे वस्तु स्थिति का जायजा लेने पार्क पहुंचे। महापौर संजय पाण्डे ने शहीद पार्क में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही शहर के 48 वार्डो में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश भी उन्होंने कर्मचारियों को दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी स्थानों से गंदगी पूरी तरह हट जानी चाहिए। जल्द ही सफाई व्यवस्था को लेकर सभी समाजों की बैठक भी निगम कार्यालय में होनी है।महापौर के साथ निरीक्षण में सभापति खेमसिंह देवांगन, पार्षद निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, हरीश पारख, उर्मिला यादव सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।



## पानी की समस्या से निपटने 27 नलकूप स्वीकृत : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गर्मी में पानी की किल्लत से बचने के लिए नगर निगम ने तैयारी तेज कर दी है। लगभग दो दर्जन से अधिक वार्डों में इस बार बोरिंग किया जाएगा। इसके लिए निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महापौर के निर्देश पर पूरी तैयारी कर ली है। दो-चार दिन में काम शुरू भी हो जाएगा। हर साल गर्मी में पानी की किल्लत होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस बार निगम ने पहले से तैयारी कर ली है। महापौर संजय पांडे ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक किरण सिंह देव के अनुशंसा पर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफटी) मद से 27 बोरिंग स्वीकृत हुआ है। जिसमें शहिद गुंडाधुर वार्ड, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, गुरुगोविंद सिंह वार्ड, अनुकूल देव वार्ड, महेंद्र कर्मा वार्ड, वीरसावरकर वार्ड, सुंदरलाल शर्मा वार्ड, दंतेश्वरी वार्ड, प्रवीर वार्ड, शांति नगर वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, राजेंद्र नगर वार्ड, रमैया वार्ड, गंगा नगर वार्ड, अब्दुल कलाम वार्ड, छत्रपति शिवाजी वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, विजय वार्ड, सिविल लाइन वार्ड व बलीराम कश्यप वार्ड शामिल है। जिसका कार्यादेश जारी किया जा चुका है । इन जगहों पर बोरिंग होने से एवं पानी उपलब्ध होने पर हजारों परिवारों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। गर्मी में इस बार हालात न बिगड़े इसलिए इसके लिए निगम तैयारी कर ली है। जल स्तर लगातार गिरने से शहर के जनप्रतिनिधि भी चिंतित हैं।इसलिए बोरिंग खोदने के साथ ही टैंकरों का मरम्मत कार्य भी किया जा रहा है। महापौर संजय पाण्डे ने जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव का धन्यवाद ज्ञापित किया है ,जिन्होंने डीएमएफटी फंड से 27 बोरिंग स्वीकृत कराया है। उन्होने सांसद महेश कश्यप के प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की है। उन्होंने कहा क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद जनता के प्रति एवं क्षेत्रीय विकास के लिए संवेदनशील है। इस बार गर्मी में पेयजल संकट से निपटने निगम ने गंभीर प्रयास शुरू किए हैं। पानी की किल्लत न हो इसके लिए नलकूप खनन कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। जिससे शहर के वार्डो के लोगों को समय पर पर्याप्त पानी मिले। संजय पाण्डे ने बस्तर कलेक्टर हरिस एस का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है जिन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास से नगर निगम को 27 बोरिंग का स्वीकृत प्रदान किया है।



## नगरनार से तीन किमी दूर क्यों नहीं हुआ सीएसआर का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा में सोमवार को विधायक लखेश्वर बघेल ने सीएसआर मद से व्यायाम और जिम सामग्री क्रय करने को लेकर सवाल दागा, बघेल ने कहा कि हमारे यहां छात्रावास, आश्रम, स्कूल भवन जर्जर स्थिति में है, लेकिन वर्ष 2024 में मंत्री जी द्वारा स्कूलों के लिये व्यायाम सामग्री के बारे में जानकारी दी गई है, जब स्कूल का ही ठिकाना नहीं है तो फिर व्यायाम सामग्री के लिये लाखों-करोड़ रूपये व्यय कर रहे हैं? सरकार के द्वारा करोड़ों रूपये का जिम खरीद रहे हैं, क्या हमारी प्राथमिकता जिम खरीदने की है?जवाब में मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि शासी परिषद का कलेक्टर अध्यक्ष होता है और विधायक खुद सदस्य हैं, स्वयं पास करते हैं कि क्या करना है? वह स्वयं बैठक में रहे होंगे, जो निर्णय में प्रस्ताव पारित किये होंगे, उसी सामग्री की खरीदी की गई होगी। यदि उसमें कोई शंका है तो मुझे अवश्य जानकारी दें, हम जांच करा देंगे।

■ विधानसभा में गरजे विधायक लखेश्वर बघेल, पूछा जब स्कूल भवन जर्जर तो व्यायाम और जिम साम्रगी की खरीदी क्यों, आखिर प्राथमिकताएं क्या है



#### बैठक हुई न हुई एसआइटी से जांच करा दें

इस पर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि परिषद की बैठक तो आज तक हुई नहीं है। स्वशासी परिषद की बैठक कब-कब हुआ है, यदि इसकी जानकारी है तो बता दीजिएगा? हम लोगों को बैठक में बुलाया गया है कि नहीं बुलाया गया है, बता दीजिएगा ?इसका भी एसआईटी गठन करके जांच करा दीजिए।

#### जगदलपुर और चित्रकोट में ही खर्च हुआ

विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल ने सदन में कहा सीएसआर मद का हो, चाहे डीएमएफ मद हो, सिर्फ दो विधान सभा में खर्च हुआ है। मंत्री यह जानकारी देंगे कि सीएसआर मद और डीएमएफ मद में कोई दायरा है कि कितने किलोमीटर के अंदर करना है? एक ही विधान सभा में करना है कि दो विधान सभा में करना है, सीएसआर हो या डीएमएफ मद हो, सिर्फ जगदलपुर विधान सभा और चित्रकूट विधान सभा में खर्च हो रहा है, इसके अलावा किसी अन्य विधान सभा में खर्च करने का प्रावधान है कि नहीं है ?मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया सीएसआर मद की राशि उन क्षेत्रों में भी व्यय की गई है, जहां पर पाइप लाइन एनएमडीसी ग्राम प्रभावित हैं। इन ग्रामों में अधिकतर चित्रकूट और जगदलपुर विधान सभा आते हैं, इस कारण से सीएसआर का काम वहां हुआ है।

#### बस्तर विस में क्यों नहीं

विधायक ने कहा नगरनार स्टील प्लॉण्ट मेरे विधानसभा से 3 किलोमीटर की दूरी पर है। उससे लगा हुआ है, उस गांव में एक रूपये खर्च नहीं किया गया। 8-8, 10-10 किलोमीटर में खर्च कर रहे हैं, लेकिन 3 किलोमीटर में खर्च नहीं कर रहे हैं। यह ठीक बात नहीं है ना ? विधानसभाअध्यक्ष ने कहा ठीक बात नहीं है, आगे ध्यान रखा जाये। विधायक के प्रस्ताव को भी मंजूरी दें।

### सीसीएफ ने गाए गीत...



जगदलपुर। वन विभाग ने होली पर्व पर समारोह आयोजित किया, जिससे अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इसमें सीसीएफ आरसी दुग्गा ने होली पर गीत गुन-गुनाया, साथ ही सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने रंग, गुलाल लगाया। समारोह में डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ योगेश रात्रे, देवलाल दुग्गा, परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश ठाकुर, देवेंद्र सिंह वर्मा आदि शामिल रहे।

## भावी चिकित्सकों ने जिला कार्यालय का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के 22 बैच के 3 ईयर के 16 भावी चिकित्सकों द्वारा मंगलवार को पीतांबर साहू मेडिको सोशल वर्कर एवं डॉ. जे संध्या रानी पीसीएम डिपार्मेंट (कम्युनिटी मेडिसिन) के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का भ्रमण कर कार्यालय की कार्य प्रणाली को जानने का प्रयास किया। बस्तर जिले के प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी मो. शकील खान द्वारा मेडिकल कॉलेज की टीम को कार्यालय अधीक्षक से विधिवत अनुमति उपरांत सभी सेक्शन का विजिट करवाया गया। सर्वप्रथम संख्यकी शाखा के प्रभारी बघेल द्वारा कार्यालय में उनकी शाखा द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य जैसे की संख्याकी संबंधी रिपोर्ट, आरटीआई के बारे में बताया गया। उसके बाद भवन विकास शाखा में कार्यरत श्रीमती सत्या कश्यप द्वारा अपने सेक्शन में किए जाने वाले कार्य की सूक्ष्मता से जानकारी दी गई। इसके उपरांत स्थापना शाखा से ललित बघेल एवं शिकायत, लीगल शाखा के प्रभारी प्रदीप सिंह द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्थापना शाखा (राजपत्रित अधिकारी) के प्रभारी श्रीमती सुनीता मुखर्जी और लेखा से पीके धमदर और दिलीप द्वारा लेखा से संबंधित कार्य प्रणाली से अवगत करवाया गया। आईडीएसपी शाखा से आईडीएसपी और कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम के कर्मचारियों द्वारा विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इसके बाद मेडिकल कॉलेज की टीम जिले के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना लक्ष्मी द्वारा एनएचएम के संबंधित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संपादन की कार्य पद्धति से उन्हें अवगत कराया गया। आयुष्मान कार्ड योजना के जिला सलाहकार पृथ्वी साहू द्वारा आयुष्मान कार्ड के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी देने उपरांत विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों के लिए चलाए जा रहे हैं वय वंदन योजना के बारे में भी जानकारी दी गई।






## महिला आयोग सदस्य के आवास पर हुई वृन्दावन के तर्ज पर गुलाब व गेंदा के फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

होली के पावन पर्व पर में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अपने आवास पर विशेष होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें कर्मचारियों के साथ जिले भर से उपस्थित सनातनी ने होली का त्योहार मनाया। उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने होली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली के रंगों के समान आप सभी के जीवन में भी प्रसन्नता और खुशहाली आए। होली रंगों का त्योहार है। यह खुशी और हर्ष के साथ समरसता और एकजुटता को बढ़ावा देने वाला पर्व है।



होली मिलन समारोह में कृष्ण जी की नगरी वृन्दावन के आधार पर फूलों की होली हुई, जिसका उपस्थित सभी लोगों ने जमकर आनंद लिया, गेंदा एवं गुलाब की खुशबू से पूरा परिसर महक उठा था उपस्थित सभी लोगों ने फूलों की होली की जमकर तारीफ की व कहा कि आज तक सुकमा में ऐसी होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं हुआ है। कार्यक्रम में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पीसा, रंजीत बारठ, लीलाधर राठी, योगेंद्र, गौरव राठौर, राजकुमार श्रीवाने, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण सिंह भदौरिया एवं हुंगाराम मरकाम व भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ ठेकेदार विनोद राठौर व शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, नशीब खान एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

#### फाग की रही धूम

उत्तर भारत की संस्कृति को जीवंत रखने वाले ग्राम कूकानार के क्षत्रिय समाज के राजेश राठौर, राजकुमार भदौरिया, सन्नू चौहान, भानू भदौरिया, रोशन राठौर, जितेंद्र चौहान, नितेश कुशवाह, युवी भदौरिया, गोबरे भदौरिया ने आयोजन स्थल में पहुंचकर कार्यक्रम में जान ला दी। उत्तरभारत की झलक लोगों को देखने को मिली ब्रिज भाषा, अवधि भाषा में फाग गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। सुकमा की महिला मंडल की सदस्य नर्मदा, नमिता, अनुपमा नाग, सत्यभामा, कुशुम, मोनिका, कौशल्या एवं अन्य महिलाओं ने फागुन के गीत में थिरक कर फूलों की होली का आनंद लिया।

